आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.11.2025   समय : 1905

- प्रधानमंत्री आज तमिलनाडु के कोयंबतूर में नौ करोड़ किसानों को पीएम–किसान योजना की एक और किस्त जारी कीं।
- सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम के कुछ प्रावधानों को रद्द किया। कहा – यह शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।
- पर्यटन विभाग द्वारा द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार पच्चीस के आयोजन के लिए स्टॉलों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है।
- दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर आवारा पशुओं की आवाजाही और प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए हेल्पलाइन सेवाएं शुरू की हैं।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तमिलनाडु के कोयम्बटूर में पीएम किसान योजना के अंतर्गत 21वीं किस्त जारी की। देशभर में 9 करोड किसानों की सहायता के लिए 18 हजार करोड रुपये से अधिक की राशि जारी की गई। प्रधानमंत्री ने कोयम्बटूर में दक्षिण भारतीय प्राकृतिक खेती सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। इस अवसर श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कृषि क्षेत्र का पिछले 11 वर्षों में कायाकल्प हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्राकृतिक खेती के मामले में वैश्विक केंद्र बन गया है और इसकी जैव विविधता नया आकार धारण कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र का निर्यात दुगुना हो गया है और सरकार ने खेती की पद्धतियों को आधुनिक बनाने की दिशा में कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्डों के जरिये किसानों को दस लाख करोड रुपये से अधिक का लाभ प्राप्त हो चुका है।

<><><><><><>

इस योजना के तहत इन द्वीपों में भी पात्र किसानों को दो दशमलव छह एक सात करोड़ रुपये का लाभ दिया जाएगा। भारत सरकार ने सभी पीएम–किसान लाभार्थियों के लिए ई–केवाईसी, बैंक खाते से आधार सीडिंग और भूमि सीडिंग अनिवार्य कर दी है, इसलिए सभी पात्र पीएम–किसान लाभार्थियों से कहा गया है कि वे जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी करे। इसके अलावा, इन द्वीपों के सभी छूटे हुए पात्र किसान

जिन्होंने अभी तक पीएम–किसान योजना के तहत पंजीकरण नहीं कराया है, वे अपना नामांकन कराएँ और पीएम–किसान योजना के तहत लाभ उठाएँ। नए पंजीकरण के लिए लाभार्थी संबंधित क्षेत्रीय कृषि विभाग के क्षेत्र विस्तार अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

उधर, कैम्पबेल बे में भी कृषि विभाग द्वारा गांधी नगर के सामुदायिक भवन में पी एम किसान सम्मान निधी योजना पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पच्चीस से अधिक किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीसत्य साईं जिले में आध्यात्मिक गुरू श्री सत्य साई बाबा के जन्मशती समारोह में भाग लिया। श्री मोदी ने इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के साथ सौ रूपये का विशेष स्मारक सिक्का और साईं बाबा के जीवन, शिक्षण और आध्यात्मिक विरासत पर विशेष डाक टिकटों का सेट जारी किया।

आयोजन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री सत्य साईंबाबा की दिव्य अनुभूति में रहना हमेशा उनके लिए भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुभव रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में आज तक चार करोड़ से अधिक सुकन्या समृद्धि खाते खुल चुके हैं, जो बालिकाओं की मजबूत वित्तीय सुरक्षा का प्रतीक है।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न अधिकरणों के सदस्यों की नियुक्ति, कार्यकाल और सेवा शर्तों से संबंधित दो हजार इक्कीस के न्यायाधिकरण सुधार कानून के कुछ प्रावधान रद्द कर दिए है। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि ये प्रावधान केंद्र द्वारा मामूली संशोधनों के साथ फिर से लागू किए जा चुके हैं। पीठ ने कहा कि रद्द किए गए प्रावधानों से शक्ति विभाजन के सिद्धांतों का उल्लंघन हो रहा था। पीठ ने कहा कि लंबित मामलों की अधिकता से निपटना न्याय पालिका की एकमात्र जिम्मेदारी नहीं है, सरकार को भी यह दायित्व उठाना चाहिए। न्यायालय ने सेवाकाल संबंधी पहले के दिशानिर्देश बरकरार रखे। अदालत ने स्पष्ट किया कि आयकर अपील अधिकरण तथा सीमा शुल्क, उत्पाद और सेवाकर अपील अधिकरण के सदस्य बासठ वर्ष की उम्र तक सेवा में रहेंगे, जबकि इनके अध्यक्ष या प्रमुख पैंसठ वर्ष की उम्र तक सेवारत रहेंगे।

<><><><><><>

केन्द्र सरकार, उन्नत पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम के दूसरे चरण के अंतर्गत वर्ष दो हजार पैंतीस तक ई–पासपोर्ट पूरी तरह से लागू करने पर काम कर रही है। इसके तहत सभी नए जारी पासपोर्ट तत्काल ई–पासपोर्ट बन जाएंगे, जबकि मौजूदा गैर–इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट अपनी समय सीमा समाप्त होने तक वैध रहेंगे।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार पच्चीस का आयोजन सत्ताईस से इकतीस दिस्मबर तक श्री विजयपुरम स्थित प्रदर्शनी मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी रचनात्मक एक्सपो, क्रिएटिव आर्ट्स, होटलियर व रेस्टोरेंट मालिकों एवं जनरल मर्चेंट्स से स्टॉल आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। स्टॉल आवंटन लॉटरी प्रणाली द्वारा किया जाएगा। आवेदन पत्र पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पच्चीस नवंबर है। स्टॉल आवंटन एक दिसंबर को होगा और आवंटन पत्र बारह दिसंबर को जारी किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति पर्यटन विभाग के संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर आवारा पशुओं की आवाजाही और प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए हेल्पलाइन सेवाएं शुरू की हैं। इस पहल का उद्देश्य जिले के भीतर आवारा पशुओं या मवेशियों से जुड़ी घटनाओं को दर्ज करने के लिए नागरिकों के लिए समर्पित रिपोर्टिंग चैनल स्थापित करना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना, कमजोर समूहों की रक्षा करना और समय पर प्रतिक्रिया उपायों को सुव्यवस्थित करना है। दक्षिण अंडमान के जिला प्रशासन ने सार्वजनिक क्षेत्रों में आवारा पशुओं या मवेशियों से जुड़ी किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के लिए जनता से फोन संख्या शून्य तीन एक नौ दो – दो चार शून्य एक दो सात या एक शून्य सात शून्य अथवा व्हट्सएप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ आठ आठ आठ चार चार पर सूचना देने को कहा गया है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने में अपना सहयोग देने का आग्रह किया है।

<><><><><><>

डिगलीपुर के विवेकानंद केंद्र जिला परिषद विद्यालय ने आज अपनी विज्ञान, गणित, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी – संकल्प 2025 का उद्‍घाटन किया, जिसका विषय था "इनोफ्यूज़न – विज्ञान, गणित और कला

का मिलन।" यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को समर्पित साधना दिवस के साथ–साथ आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में डिगलीपुर की उप शिक्षा अधिकारी सुलोचना इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं। अपने संबोधन में, उन्होंने छात्रों को रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और आधुनिक शिक्षा में नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह में आज रूक रूक कर वर्षा हो रही है। आज सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे तक लॉग आइलैंड में उनसठ मिलीमीटर, मायाबंदर में अड़तालीस, श्री विजयपुरम में इक्कतीस, कार निकोबार में सात और वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में दो दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग द्वारा तेईस नवम्बर तक भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है।

**<><><><><><><>**